राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने किया देवरिया एवं कुशीनगर के 32 विकास कार्यों का लोकार्पण

लोकतंत्र में जनकल्याण सर्वोपरि– राज्यपाल

जयपुर, 15 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सांसद निधि से शुरू किए गए उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के 21 एवं कुशीनगर जिले के 11 विकास कार्यों का आज यहां राजभवन से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि देवरहा बाबा की विशेष कृपा के कारण देवरिया को देवभूमि और देश की सीमा पर लोहा लेने वाले हजारों जवान सेना को देने के कारण वीरभूमि का दर्जा प्राप्त है। उन्होंने कहा कि देवरिया जिले से उनका विशेष लगाव है। इस क्षेत्र के चतुर्दिक विकास और जन कल्याण के लिए सभी स्तरों पर प्रयास होने चाहिये। उन्होंने लोकतंत्र में जनता को सर्वोपरि बताते हुए जनप्रतिनिधियों को लोककल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान किया ।

श्री मिश्र ने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि देवरिया में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए उनके प्रयास रंग लाए और राज्य सरकार के सहयोग से मुश्किल दिखने वाला यह कार्य संभव होकर मेडिकल कॉलेज अब शीघ्र ही प्रारंभ होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर में एयरपोर्ट शुरू होने से इस क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने सुझाव दिया कि यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासन मिलकर ब्लू प्रिंट तैयार करें।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि देवरिया में बाईपास एवं फोरलेन सड़क तथा कुशीनगर से तमकुही सड़क का कार्य आगे बढ़ाने के लिए केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि देवरिया में बाबा राघवदास जी के नाम पर कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से आग्रह किया है। स्थानीय जनप्रतिनिधि इन परियोजनाओं को धरातल पर लाने के लिए अपने स्तर पर भी प्रयास करें।

उन्होंने उम्मीद जताई की सड़क, विद्यालयों में कक्ष निर्माण, पेयजल, पाइपलाइन, स्ट्रीट लाईट, रेल्वे स्टेशन पर यात्री सुविधाएं विकसित करने के जिन कार्यों का आज लोकार्पण किया गया है उनसे स्थानीय निवासी अधिकाधिक रूप में लाभान्वित होंगे। राज्यपाल ने इस मौके पर संविधान की उद्देश्यिका एवं मूल कर्त्तव्यों का वाचन भी करवाया।

कार्यक्रम में सांसद श्री रमापतिराम त्रिपाठी, विधायक डॉ. सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, देवरिया के डीएम श्री अमित किशोर, कुशीनगर के डीएम श्री एस राजलिंगम ने भी विचार व्यक्त किए।

———